## खबर संक्षेप

### सिवनी प्राणमोती में हुआ सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा नेतराम साहू जी सुपुत्र नीरज साहू , राहुल साहू जी के निजनवास श्रीनिवास सिवनी प्राण मोती छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर मौजूद रहे।

### नरवाई जलाने पर एक व्यक्ति पर की गई प्राथमिकी दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिले में नरवाई जलाने के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना चौरई के अंतर्गत ग्राम नवेगांव मकरिया में अशोक पिता लक्ष्मी नारायण वर्मा द्वारा मक्का की नरवाई में आग लगाने का मामला सामने आया है। पटवारी द्वारा की गई रिपोर्ट पर पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। बताया गया कि 26 अक्टूबर की शाम लगभग 5:30 बजे अशोक पिता लक्ष्मीनारायण वर्मा ने नवेगांव मकरिया स्थित खसरा नंबर 240, रकबा 3.510 हेक्टेयर की भूमि, जो रमणीत और जितेन्द्र पिता रामनारायण निवासी नवेगांव मकरिया के स्वामित्व में है और ठेके पर ली गई थी, में उपेक्षापूर्वक मक्का की नरवाई में आग लगाई। आग लगने से खेत की नरवाई जल गई। यह कृत्य कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छिन्दवाड़ा के आदेश का उल्लंघन है, जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत खेतों में नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया।

## यहां दान देने और लेने वाला एक ही पक्ष, मूल दानदाताओं के परिवारजनों की भावनाओं को चोट

# मठ की भूमि दान लेने का व्यवहार अवैध और अनैतिकः पालीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)



पांढुर्णा में कलेक्टर कार्यालय के लिए भूमि चयन विवादों के घेरे में है। राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव के चलते आम जन की भावनाओं को दरकिनार करते हुए कार्य चल रहा है। शहर से दूर बनने जा रहे कलेक्टर कार्यालय और उनके आसपास की जमीनों को लेकर एक नया विवाद सामने आया है जिसमें पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पालीवाल ने गणपति मठ संस्थान के प्रबंधक के रूप में कलेक्टर पर ही सवाल खड़े किए है। जिस पर चर्चा का बाजार गर्म हो गया है।

ऐसा ही मामला अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना के प्रस्तावित स्थल को लेकर चर्चाओं और वाद विवाद का दौर थमने की बजाय दिनोदिन बढते ही जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीन पालीवाल ने इस विषय पर दैनिक हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि गणपति मठ संस्थान पांढुर्ना की भूमि को दान देने और लेने का जो व्यवहार गत दिनों हुआ है वह अवैध और अनैतिक है। प्रवीन पालीवाल ने कहा कि कलेक्टर महोदय स्वयं गणपति मठ संस्थान पांढुर्ना के प्रबंधक है और महाराज सरभराकार के पद पर है। आप जिस धार्मिक संस्थान के प्रबंधक है उसकी जमीन को स्वयं दान में कैसे ले सकते है? इसका मतलब तो दान देनेवाला और दान लेने वाला एक ही पक्ष है इसलिए इस व्यवहार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीन पालीवाल ने पूरी तरह अवैध और अनैतिक बताया है। जब पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष से कहा गया कि दान देने वाला पक्ष सरभराकार है और दान लेने वाला पक्ष शासन है। इस पर पूर्व नपा अध्यक्ष ने कहा कि जमीन के मसले पर कोई भी निर्णय लेने के लिए सरभराकार को प्रबंधक की अनुमति या निर्देश चाहिए।

### प्रबंधन के निर्देश के बिना दान सभव नहीं

प्रवीण पालीवाल ने आरोप लगाया कि बिना प्रबंधक की अनुमति या निर्देश के सरभराकर मठ संस्थान की जमीन बाबत कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले सकता। इस प्रकरण में प्रबंधक महोदय जो स्वयं कलेक्टर है ने सरभराकार को गणपति मठ की जमीन दान देने के निर्देश या अनुमति निश्चित रूप से दी होगी। गणपित मठ संस्थान के प्रबंधक (कलेक्टर म.प्र. शासन) द्वारा किसी धार्मिक संस्थान के सरभराकार को स्वयं (कलेक्टर म.प्र. शासन) को जमीन दान देने की अनुमति या निर्देश दिया जाना यह पूरा व्यवहार ही अवैध और अनैतिक है।

### मठ निर्माण की बजाय दान लेने पर ध्यान

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीन पालीवाल के अनुसार म.प्र. शासन के प्रतिनिधि के रूप में कलेक्टर महोदय का उद्देश्य निर्माणाधीन मठ का भवन जल्द पूरा हो जाए यह होना चाहिए। लेकिन यहां ऐसा होने के स्थान पर येन केन प्रकारेण गणपति मठ की भूमि प्राप्त कर लेना उनकी मंशा थी यह साफ दिखायी पडता है। गणपति मठ की राशि शासन के पास जमा है। जबकि होना तो यह चाहिए था कि कलेक्टर महोदय ने गणपति मठ संस्थान को उनकी जमा राशि दिए जाने में आ रही समस्या को प्राथमिकता देकर हल करना था जिससे गणपति मठ का कार्य जो राशि के अभाव में स्थगित है वह जल्द आरंभ हो जाए। लेकिन शासन के प्रतिनिधि द्वारा जमीन कैसे ली जा सकती है इस पर अपनी उर्जा नष्ट कर दी। इसके अलावा गणपति मठ संस्थान को दान दाताओं ने धार्मिक कार्यों के लिए वर्षों पहले अपनी जमीन दान में दी थी। इसके साथ ही शासन के प्रतिनिधि द्वारा एक बार दान में दी गई जमीन को दोबारा दान लेकर मूल दानदाताओं के परिवारजनों के भावनाओं को चोट पहुंचाई है।

## कफ सिरपकांडः स्वास्थ्य विभाग कर रहा जांच

# उमरेठ और पटपड़ा में एक - एक क्लीनिक की गई सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




परासिया में कफ सिरप कांड के बाद अब स्वास्थ्य और राजस्व विभाग विधानसभा क्षेत्र में संचालित क्लीनिकों और और दवा दुकानों की जांच में भिड़ गया है । जिसके तहत रविवार को दोनों विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए उमरेठ और पटपड़ा में दो निजी क्लीनिकों को शील कर दिया ।26 अक्टूबर रविवार को सी एच एम ओ के निर्देशानुसार झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही की गई । पटपड़ा में पलाश विश्वास के घर में बगैर लाइसेंस क्लिनिक संचालित थी तो वहीं उमरेठ नेहरू चौक पंचायत भवन के सामने संतोष पवार की क्लिनिक को शील किया गया है । इस दौरान बी.एम.ओ. डॉ अंकित सहलाम , उमरेठ तहसीलदार राम सूर्यवंशी , बी. पी. एम. अनूप साहू , बी.ई. ई. रजनीश साहू , अमित उरेहा , रेवालाल सल्लाम , सेक्टर सुपरवाईजर झोन्पी साहू , बाबूलाल अकोडिया , ए.एन.एम., आशा सुपरवाइजर सी.एच.ओ. ग्राम केटवार मौजूद रहे ।

# पुलिस ने जब्त की 81 लीटर शराब

## तामिया पुलिस की कार्यवाही, आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया पुलिस ने 81 लीटर अंग्रेजी शराब परिवहन कर रहे वाहन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तामिया पुलिस को गत दिवस मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम बांकी में पिकअप वाहन को रोककर चेक किया आरोपी सुनील साहू पिता चोखेलाल साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम छिंदी अपनी पिकअप वाहन क्रमांक UP95B4595 में अवैध रूप से 09 कार्टुन में भरी अंग्रेजी शराब कुल 81.96 लीटर कीमति 37,848 रूपयें परिवहन करते हुये मिला। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पाये जाने पर अप.क्र. 175/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### गिरफ्तार आरोपी



सुनील साहू पिता चोखेलाल साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम छिंदी थाना तामिया। जप्ती मसरूका का विवरण

(1) तीन कार्टुन POWER COOL बियर कुल 36 नग

(2) दो कार्टून में अंग्रेजी शराब आफिसर्स च्वाईस प्रत्येक 90 एमएल कुल 192 नग

(3) दो कार्टून लाल मदिरा मशाला 96 नग

(4) दो कार्टून पावर 10000 सुपर स्ट्रांग बियर (केन) 48 नग

(5) पिकअप वाहन क्र UP95 B4595

### इनकी रही भूमिका

निरीक्षक आशीष कुमार जैतवार, उ.नि. भोजराज वाडिया, उनि. रामकिरण बरमैया, प्र. आर. 60 रविशंकर सरयाम, आर. 956 सोमवीर जाट, आर. 1072 घनश्याम उइके, आर.885 संतोष कुमार, आर.612 रोहित बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

### रंगे हाथों पकड़ाए चोर की ग्रामीणों ने की जमकर पिटाई

**सिंगोड़ीः** छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सिंगोड़ी में चोरी करते रंगे हाथों चोर पकड़ा गया। गुसाईं भीड़ ने उसे खंभे से बांध कर पिटा। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें तरह-तरह की पृक्ररिया सामने आ रही है। मेले की चकाचौंध के बीच उसे वक्त अफरा तफरी मच गई जब अहेरी नृत्य देख रहे एक युवक ने अपनी जेब में किसी का हाथ महसूस किया उसने झट से पलट कर देखा तो सामने था एक जेब कतरा युवकों गुस्साई भीड़ ने मारना शुरू कर दिया और फिर उसे खंबे से बांधकर जमकर मारपीट की घटना का एक वीडियो भी बनाया गया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया भीड़ ने मारपीट करने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने आरोपी को अभीरक्षा में लेकर उस से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि यह पता चल सके कि आरोपी अकेला था या उसके साथ और भी कोई था या यह कोई ग्रहों है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसी फुटेज तलाश कर रही है।

# पुलिस की जुआफड़ पर रेड, पांच जुआरी धराए

## बिछुआ पुलिस ने ग्राम उल्हावाड़ी में जुआरियों के पास से नगदी किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




बिछुआ पुलिस ने ग्राम उल्हावाड़ी में एक पेड़ के नीचे जुआफड़ लगाकर हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन जुआरियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिछुआ पुलिस को रविवार को मुखबिरों से सूचना प्राप्त हुई की उल्हावाडी रोड मे महुआ झाड़ के नीचे कुछ लोग 52 ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सुचना पर थाना बिछुआ पुलिस स्टाफ एवं मुखबिरों के सहयोग से उल्हावाडी रोड पर घेराबंदी कर 5 जुआरियों इनमें 01- नरेन्द्र सिंह पिता कुबेरसिंह ठाकुर उम्र 41 साल निवासी ग्राम उल्हावाड़ी थाना बिछुआ जिला छिंदवाड़ा 02- सियाराम पिता रामख्याल चौरिया उम्र 21 साल निवासी ग्राम नवेगांव थाना चांद जिला छिदवाड़ा 03- दीपक उर्फ चिंटू पिता भुवनसिंह ठाकुर उम्र 42 साल निवासी ग्राम उल्हावाड़ी थाना बिछुआ जिला छिंदवाडा 04- ओमप्रकाश पिता फम्मू चौरे उम्र 29 साल निवासी ग्राम नवेगांव गाँड़ थाना चांद जिला छिंदवाड़ा (5) बसंत पिता गोपाल अमरोदे निवासी नवेगांव गोंड़ थाना चांद जिला छिंदवाड़ा के पास से 52 ताश के पत्ते एवं नगदी 12300/- रुपये जुआ लगवाडी की रकम जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपियानो का कृत्य धारा 13 जुआ एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध क्र 400/25 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 ताश के पत्ते एवं 12 हजार द300 रुपये जब्त किए। इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश उइके थाना प्रभारी थाना बिछुआ, प्र.आर.231 प्रमोद धुर्वे, आर.934 फुलभान परते, आर.912 राकेश उइके, आर. 918 राकेश सेवटकर सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए मोहोड़



**सौसर।** रविवार को नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मन की बात कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ है। ग्राम जाखावाडी के बूथ क्रमांक-89 पर पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कार्यकर्ताओ के साथ मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 127वाँ एपिसोड आकाशवाणी के माध्यम से सामूहिक रूप से सुना।कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को एक सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने देशभर में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों, छोटी-छोटी किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पहलों और जनसाधारण के जीवन से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला।मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम सर्वजन के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। यह कार्यक्रम न केवल नई जानकारी प्रदान करता है, बल्कि बौद्धिक चेतना और राष्ट्रभावना को भी प्रबल करता है।इस अवसर पर सदन साहू ,लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे चमन खरपुसे अर्जुन खरपुसे,राजु खरपुसे, राजेंद्र कुमरे,राजू पवार , नारायण खरपुसे,कपुरचद साहू, विक्की लादे,वासुदेव पवार आदि उपस्थित थे।

## बैडमिंटन में 85 वर्ष के खिलाड़ी दिखा रहे जोहर, आज होगा टीम इवेंट का फाइनल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला बैडमिंटन संघ द्वारा ओपन जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर, जुनियर प्रतियोगिता ओलिंपिक स्टेडियम में आयोजित कि गई। प्रतियोगिता के तीसरे दिन वेटरन्स के डबल्स व टीम इवेन्ट के मैच खेले गए, जिसमें एस एल खत्री 85 वर्ष, एम एम सिंह 70 वर्ष विरुद्ध नरेन्द्र वाघमारे 70 वर्ष, विजय पवार 68 के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए जिसमें खत्री एन्ड पार्टनर विजय रहे। यह मैच बच्चो ओर युवाओं सहित विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा दाई बना जिसकी सभी ने सराहना की, बुजुर्गों के इस मैच से यह सिद्ध कर दिया कि खेल में उम्र कभी बाधक नही होती।स्पर्धा आयोजन के प्रमुख इंद्रजीत सिंह बैंस और जावेद खान ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे दिन आज टीम इवेंट के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे तथा इस प्रतियोगिता का समापन 28 अक्टूबर दिन मंगलवार को आकर्षक पुरुस्कारों के वितरण के साथ किया जावेगा। इस अवसर पर समाज सेवी नरेंद्र साहू, डॉ अनिल जैन मुकेश सोनी, दीपक राज जैन, शरद स्टीफन, अज़हर खान उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में जावेद खान,संजय सिसोदिया, विनय सिंह चंदेल, तरुण विश्वकर्मा, अश्वंत मार्को, महिमा यादव, निकुंज डेहरिया, पार्थ चौकसे उपस्थित रहें।

# यह एकमात्र ऐसा कार्यक्रम है जिसे देखने के लिए समय अपने आप निकल जाता हैंः वानखेड़े

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह मन की बात कार्यक्रम ज्ञान का भंडार हैः शेषराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सागर सांसद एवं प्रदेश महामंत्री श्रीमती लता वानखेड़े भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ हर्रई के बूथ क्रमांक 143 में आयोजित मन की बात कार्यक्रम 127 वे एपिसोड में शामिल हुई।

इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 'मन की बात' के 127 वें एपिसोड की शुरुआत छठ की शुभकामनाओं के साथ किए और उन्होंने कहा कि वे अपने आसपास छठ पूजा को देखें, काफी सुखद अनुभव होगा छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है ये दृश्य भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है।

मन की बात कार्यक्रम देखने के उपरान्त सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे हर महीने मन की बात कार्यक्रम का इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि यह एकमात्र ऐसा कार्यक्रम है जिसे देखने के लिए समय अपने आप निकल जाता हैं। उन्होंने कहा कि टेलीविजन पर अपनी पसंद के कार्यक्रम को देखने के लिए समय निकालना नहीं पड़ता बल्कि सारे काम उस कार्यक्रम की अनुसार अपने आप सेट हो जाते हैं, इसी प्रकार मुझे भी मन की बात के लिए समय नहीं निकालना पड़ता है मेरे सारे कार्यक्रम इसके अनुसार अपने आप सेट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम से हमें देश के विभिन्न त्योहारों के महत्व की जानकारी भी मिल जाती है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से आदिवासियों और जरूरतमंदों का हो रहा बेहतर उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सिंतबर से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक दोनों जिलों में 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को हर्रई के ग्राम परतापुर में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में 40 वे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू ने किया। अपने स्वास्थ्य की जांच कराने ज़्यादा दूर न जाना पड़े इसके लिए सुदूर आंचलिक क्षेत्रों में भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्य कर रहे है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना में संचालित 312 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से आदिवासियों और जरूरतमंदों का बेहतर उपचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार लोगों के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रख रही है।

### सहस्त्रबाहु जयंती पर कल विधिविधान ने होगी पूजा अर्चना

**छिन्दवाड़ा।** सर्ववर्गीय जिला कलार समाज छिन्दवाड़ा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर पोला गाऊण्ड के पास स्थित सहस्त्रबाहु चौक में विधिविधान से पूजाअर्चना की जायेगी। जिसमें समाज के सभी वर्गों के स्वजातिय बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता और जिला कलार समाज के मिडिया प्रभारी आशीष कटकवार ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन 28 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे सहस्त्रबाहु चौक में किया गया है। जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही है मढ़ई मेले की धूम

**सौंसर।** दीपावली पर को लेकर निरंतर ज्ञानी क्षेत्र में मंडई मेले खड़े तमाशा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में महाराष्ट्र के नृत्यगनाओ के द्वारा हास्य व्यंजन नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देखकर देर रात तक दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया जा रहा है।ग्राम पंचायत रामपेठ में चल दो दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को समापन किया गया। समापन अवसर पर विधायक विजय चौरे ने ग्रामीण जनों को दीपावली एवं सफल मेंढई में लेकर आयोजन के लिए बधाईसफलतापूर्वक संपन्न हुए आयोजन के लिए आयोजन कमेटी के साथ ग्राम पंचायत सरपंच गोमाजी उइके द्वारा सभी सहयोगियों का एवं ग्राम वासियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।



## ग्राम पंचायत रजोला का मामला, जिला अस्पताल में महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

# उल्टी दस्त ने ले ली महिला की जान, परिजनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी





सिंगोड़ी के समीप ग्राम पंचायत रजोला की रहने वाली महिला की उल्टी दस्त से जिला अस्पताल में मौत के बाद डाक्टर और उपचार पर सवाल उठ खड़ा हो गया एक तरफ जहां मृतिका के परिजनों ने उपचार को लेकर जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया वही सिंगोड़ी पुलिस चौकी पहुंचकर मृतिका के देवर ने ग्रामीणों और ब्लाक कांग्रेस कमेटी के साथ मिलकर लापरवाही और मुआवजा को लेकर ज्ञापन सौपा है।

पीड़ित परिजन शव को लेकर रजोला जाते समय सिंगोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी पंकज राय को मृतिका के देवर मयूर चंद्रवंशी ने ग्रामीणों और ब्लाक कांग्रेस कमेटी के साथ जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया की मृतिका पीड़ित दुर्गा चंद्रवंशी 36 वर्ष पति स्व. नरेश चंद्रवंशी, निवासी रजौला को दूषित पानी पीने से पेठ में दर्द और दस्त हुआ जिसके बाद शनिवार को 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था जिला अस्पताल के डाक्टर व स्टाप की लापरवाही के कारण मौत हो गई। चूंकि परिवार में दो छोटे बच्चें है पिता नरेश चंद्रवंशी का पहले निधन हो गया और अब बच्चो की मां दुर्गा चंद्रवंशी की भी लापरवाही के कारण मौत हो गई। इस मामले में सुबह से ही गांव में मातम पसरा हुआ था।ज्ञापन सौंपने वालों में सेलू संगर महेश धुर्वे आशीष जैन बिनोद सिंगोरे आशिफ मिस्किनी राजेश पटेल फिरोज खान रविंद्र धुर्वे केतन पटेल सहित परिजन शामिल थे।

## प्रसादम ने बढ़ाई हनुमान लोक की दिव्यता

# प्रसादम को मिल रहा है भक्तों का भारी प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर




चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली में दिन प्रतिदिन श्रद्धालूओं की संख्या में बढोतरी होकर भक्ति और आस्था का अदभूत संगम देखने को मिल रहा है। यह धाम अब लाखों श्रद्धालूओ की भक्ति का केन्द्र बन चुका है। संस्था की ओर से किए गए प्रसादम महाप्रसाद को जबरदस्त जनसंहयोग मिल रहा है। जहा प्रतिदिन हजारों श्रद्धालू दूर-दूर से पहुचकर प्रभु श्री हनुमान के चरणो में शिष नवाते है और मनोकामनायें पूर्ण होने की प्रार्थना करते है।

मंदिर प्रबंधन की ओर से की जा रही अनुषासित व्यवस्था, स्वच्छता और भक्तों की सौहार्दपूर्ण व्यवहार से श्रद्धालू अत्यंत प्रभावित है। नवनिर्मित हनुमान लोक का आकर्षक स्वरूप, प्रगतिरत सुंदर मूर्तिया, हरि परिसर और दिव्य वातावरण श्रद्धालूओं के मन को भक्ति रस में सराबोर कर देता है। हर आयु वर्ग के श्रद्धालू यहा पहुचकर षांति, ऊर्जा और आध्यात्म का अनुभव करते है।

### प्रसादम की हो रही भूरी भूरी प्रशंसा

हनुमान मंदिर परिसर में प्रांरभ की गई प्रसादम पहल अब भक्तों की पहली पसंद बन चुकी है। प्रतिदिन सायंकाल में सैकडों श्रद्धालू यहा महाप्रसाद का लाभ लेते हुये सेवा और संतोष व्यक्त करते है। निःस्वार्थ सेवा, पवित्र भोजन और भक्ति भावना का अदभूत मेंल प्रसादम को विषेष बनाता है। इस सेवा के माध्यम से नित्य अन्नदान का पुण्य कार्य भक्तों की सहभागिता से निरंतर जारी है।यहा पर स्थानीय से लेकर मध्यप्रदेष, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, राजस्थान जैसे राज्यों के श्रद्धालू प्रसादम के माध्यम से भक्ति की धारा को और अधिक प्रगाढ कर रहे हैं।इनका कहना हैसेवा ही सच्चा धर्म है जब भक्त अपने हाथो से किसी को भोजन कराता है, तब वही प्रसाद बन जाता है। प्रसादम के इस पवित्र कार्य में जुडकर हर व्यक्ति अपने जीवन में भक्ति, विनम्रता और दया के मूल्य सीख रहा है। हनुमान लोक में यह सेवा मानवता का सबसे सुंदर स्वरूप प्रस्तुत कर रही है।गोपाल शर्मा, अध्यक्ष मंदिर संस्थान हनुमान लोकहमारा संकल्प है कि, हर श्रद्धालू यहा षांति, स्वच्छता और सच्चें भक्तिमय वातावरण का अनुभव करे। प्रसादम योजना भक्तों के सहयोग से निरंतर सफल हो रही है। यह सेवा हमारी संस्कृति की आत्मा है। भगवान हनुमान की कृपा से जामसांवली देषभर के भक्तों के लिये प्रेरणा स्थल बन चुका है। भविष्य में भी हम इस धाम को और अधिक दिव्य, अनुषासित और सेवाभाव से सम्पन्न बनाने के लिये निंरतर कार्य करते रहेंगे।

## कश्मीर टू कन्याकुमारी 127 घंटे 30 मिनट में साइकिल से पटवारी कार्यालय की भूमि



**पांढुर्ना।** दृढ संकल्प के धनी दुनिया में कुछ भी कर गुजर सकते है, यह साबित किया है सृजल ने जिसका बचपन स्थानीय जयस्तंभ चौक पर स्थित गुरूदेव सेवा मंडल के संस्कारों में बीता। वर्तमान में सृजल कक्षा 12 की शिक्षा के लिए के पिता प्रवीण कोहले के साथ महाराष्ट्र के अमरावती में निवास करता है। सृजल का पूरा बचपन स्थानीय पेवठा वार्ड में उसकी नानी मालती जवने के यहां बीता। अधिकांश साहसी युवा साइकिल से कश्मीर से कन्याकुमारी सफर तय करते है क्यों कि यह सफर ढलानभरा जहां साइकिल काफी हद तक मोमेंटम से चल जाती है। लेकिन सृजल ने वो रास्ता कन्याकुमारी से कश्मीर तक साइकिल के सफर का रास्ता चुना जो जहां जादातर चढाई करनी पडती है। यह रास्ता 3606.5 किमी है लंबा है जिसे तय कर पाना काफी मुश्किल कार्य है। कल सृजल के पांढुर्ना आने पर श्री गुरूदेव सेवा मंडल में उसका सत्कार समारोह संपन्न हुआ। सृजल ने बताया कि कन्याकुमारी से कश्मीर का 3606.5 किमी सफर तय करने उसे 12 दिन 12 घंटे 30 मिनट लगे। यह राइड पूरा करनेवाला 16 वर्ष की आयु वाला सृजल पहला युवक है।

## नगर पालिका परिषद ने पास किए एक राष्ट्र एक चुनाव, आत्मनिर्भर भारत के प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

एक राष्ट्र एक चुनाव, आत्मनिर्भर भारत ,जीएसटी 2.0 रीफॉर्म के संबंध में नगर पालिका परिषद की बैठक में तीन प्रस्ताव रखे गए ।जिसे नगर पालिका परिषद ने सर्वसम्मति से पास किया।यह तीन प्रस्ताव पारित कर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद प्रेषित कर प्रधानमंत्री का आभार माना। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश के चुनावी खर्चे में भारी बचत होगी जिस देश का विकास होगा।अपील समिति सदस्य संजय जैन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना से हम हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने जीएसटी 2.0 रीफॉर्म को लेकर बताया कि देश की जनता को इससे वस्तुएं सस्ती दरों पर उपलब्ध होगी।नगर पालिका बैठक में सभापति श्रीमती सीमा चौरसिया श्रीमती दीप्ति कांत साहू श्रीमती प्रमिला पाल श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी श्रीमती नीता शरद श्री श्रीमती लता टांडेकर राजेंद्र सूर्यवंशी अमित यादव प्रमोद बंडेवार अरुणेश जायसवाल सुमन यादव सावित्री दुर्गे गीता पार्षद गण मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे नगर पालिका के सभी विभाग प्रमुख कर्मचारी बंधु उपस्थित थे।

## राजा हरिश्चंद्र जीवन चरित्र कथा और माता सती कथा का किया बखान



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 10-11 माल को दम रोड पर युवा शक्ति मां काली पूजा समिति द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं 64 योगिनी भद्रकाली प्राण प्रतिष्ठा एवं मां भगवती कथा का वाचन करने वृंदावन धाम से पधारे आचार्य विशाल कृष्ण महाराज ने कथा के पंचम दिवस अयोध्या के नरेश त्रिशंकु सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की कथा का बखान करते हुए कहा कि उनके जीवन काल में सत्य ही ईश्वर है, सत्य ही कल है, सत्य ही मां का स्वरूप है। वेदों में कहा गया है सत्यते धार्यते पृथ्वी, सत्यते तापते रवि, सत्यता के कारण ही पृथ्वी रुकी हुई है, प्रतिदिन सूर्य तप रहे हैं राजा हरिश्चंद्र का चरित्र हमारे जीवन काल में सत्यता को अनुकरण करना सीखाता है। कथा के दौरान भगवती कथा वाचक विशाल कृष्ण महाराज द्वारा देवी सती की कथा का बखान किया। कथा आदि देव महादेव भूत भावन भोलेनाथ का शिव विवाह निष्काम के प्रति मूर्ति शिव पार्वती मंगल महोत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के विवाह में उपस्थित श्रद्धालु जमकर झूमे भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की आरती आकर्षक झांकी ने सभी का मन मोह लिया। देवी सती के चरित्र और कथा का बखान भगवती कथा वाचक द्वारा किया गया। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2:00 से शाम 6:00 बजे तक किया जा रहा है। युवा शक्ति मां काली पूजा समिति ने नगर के समस्त धर्म प्रेमियों से कथा का श्रवण कर एवं 64 योगिनी माता के साथ माता महाकाली के दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## मन की बात कार्यक्रम में सुनी पीएम मोदी जी की बातें



**जुन्नारदेव।** आज विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के बूथ क्रमांक 216 नगर मंडल जुन्नारदेव के वार्ड क्रमांक 11 में भाजपा नेता पार्षद संजय केंद्र अध्यक्ष मुकेश ने साथी कार्यकर्ता एवं अन्य साथी धनराज जी पाल सुनील जी पाल उमेश जी शंकर राव अनिल डॉक्टर सुनील पंकज कार्यकर्ता के साथ मन की बात कार्यक्रम के 127 वे एपिसोड में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने टेलीविजन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस बार उन्होंने छठ महापर्व को लेकर संदेश दिया है। पीएम मोदी ने देशभर के लोगों से छठ उत्सव में भाग लेने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने वंदे मातरम गीत, भारतीय नस्ल के डॉग्स, मैंग्रोव वन, जीएसटी बचत उत्सव से लेकर संस्कृत भाषा को लेकर चर्चा की।

## बाजार क्षेत्र में भाजपा मंडल ने चलाया घर घर स्वदेशी अभियान



**जुन्नारदेव।** भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के द्वारा हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी अभियान के तहत मुख्य मार्केट मेंन रोड पर स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर स्वदेशी अभियान, जीएसटी कम होने स्टीकर चिपका, पाम्पलेट देकर्बव्यापारियों और आम नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आव्हान किया।साथ ही स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने तथा जीएसटी से दरों में हुई कमी से हो रहे फायदे की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी , पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार,आमित यादव, संजय जैन, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव , शरद कुरोलिया, राजेंद्र रजक,भूपेंद्र साहू,प्रकाश कपूर,मुकेश ऊइके, बंटी अरोरा, भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आजीविका मिशन से जुड़कर सरिता बनी आत्मनिर्भर

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के ग्राम अमेड़ा (पा) की सरिता पति मुकेश नेवारे की किस्मत आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद बदल गई है। आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की मदद से वह आत्मनिर्भर बन गई है और मशरूम उत्पादन व मुर्गी पालन का व्यवसाय कर हर माह 25 से 30 हजार रुपए की आय अर्जित कर रही है। सरिता ने महिलाओं को चुल्हे चक्की की दुनिया से बाहर निकल कर स्वयं का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है। आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम अमेड़ा (पा) में दिसंबर 2023 में सांई स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया था। सरिता के आत्मविश्वास और काम की लगन को देखकर उसे इस समूह का अध्यक्ष बनाया गया था। सरिता ने अपने समूह की महिलाओं बचत के लिए प्रेरित किया। इससे समूह के खाते में हर माह एक निश्चित राशि जमा होने लगी।

## मांडवी ने सावरी को 29 रनों से पराजित कर जीती प्रतियोगिता

# सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

### विधायक विवेक पटेल ने विजेता, उपविजेता टीम को ट्राफी व नगद राशि देकर किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी की ग्राम पंचायत सावरी में बीते 19 अक्टूबर से प्रारंभ टेनिस बॉल क्रिकेट स्पद्र्धा का समापन शुक्रवार 25 अक्टूबर को किया गया। विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्यातिथ्य में आयोजित स्पद्र्धा का फाइनल मैच महाराष्ट्र की मांडवी एवं मेजबान लावनी के बीच खेला गया। जिसमें एक तरफा मैच में महाराष्ट्र मांडवी की टीम ने लावनी की टीम पर 29 रनों से जीत दर्ज कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विदित हो कि 19 अक्टूबर से प्रारंभ इस क्रिकेट स्पर्धा में जिले सहित महाराष्ट्रए, छत्तीसगढ़ की 18 टीमें शामिल हुई थी।

**मेजबान महाराष्ट्र मांडवी की टीम बनी विजेता:** स्पद्र्धा का फाइनल मैच मेजबान महाराष्ट्र की मांडवी और सावरी के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर मांडवी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मांडवी की टीम के सलामी बल्लेबाजों ने धुॅआधार बल्लेबाजी करते हुए हुए पहले 2 ओवर में ही 36 रन बना लिए। जिसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते रहें और मात्र 7 ओवर में 64 रन बनाकर मांडवी की टीम के सभी बल्लेबाज पेवेलियन वापस लौट गए। सावरी के गेंदबाज कैलाश नगपुरे ने 4 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सावरी की टीम के बल्लेबाजों ने धीमी गति से शुरुआत की और सावरी की टीम के विकेट लगातार गिरते रहे, जिससे पूरी टीम 35 रन बनाकर पेवेलियन लौट गई और महाराष्ट्र मांडवी की टीम ने फाइनल मैच 29 रनों से जीत लिया। मांडवी की ओर से 5 विकेट लेने वाले अभिषेक मड़ावी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता महाराष्ट्र मांडवी की टीम को विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते ग्यारह हजार रूपये व ट्राफी और उपविजेता सावरी को सात हजार रूपये व ट्राफी से सम्मानित किया गया।

**क्रिकेट में आखिरी बॉल तक खेलने वाली टीम होती है विजयी:** इस मौके पर खिलाडिय़ों से चर्चा करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मैच वहीं जीतता है, जो आखिरी गेंद तक मैदान पर डटे रहता है। जब तक आखिरी गेंद नहीं फेंकी जाती हैं, हार जीत नहीं होती है। क्रिकेट मैच खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। महाराष्ट्र मांडवी की टीम ने बहुत अच्छा क्रिकेट खेला, एक समय ऐसा लग रहा था कि बहुत बड़ा स्कोर बनाएगी। मगर एक के बाद एक विकेट गिरते रहें, फिर भी अच्छा खेली। वैसे ही राजनीति में होता है, कभी-कभी हारने वाला भी जीत जाता है, कभी जीतने वाला भी हार जाता है।

इस मौके अज्जू पताहे, राजकुमार चौधरी, अनमोल डोंगरे, राजीव अटराहे, विनय सुलाखे, राजू दमाहे, निखिल बनोटे, कमलेश मर्सकोले, मोहनलाल बनोटे, मुन्नालाल लिल्हारे, आशीष डोंगरे, डेविस दमाहे, अशोक लिल्हारे, राजकुमार लिल्हारे खेलप्रेमी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समाजसेवी सागर बिसेन ने अचंल का भ्रमण कर ग्रामवासीयो से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

दीपोत्सव के दौरान ग्रामीण अंचल में परम्परा अनुरूप मंडई मेले का भव्य दौर चल रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण अंचल का भ्रमण कर सामाजिक कार्यकर्ता व समाजसेवी सागर बिसेन के द्वारा साकडी, बेनी, भेंडारा, बिटोडी, नवेगांव तीन सहित अन्य गावों में पहुंचकर अपने सहयोगी व शुभचिंतको से मुलाकात कर दीपोत्सव की शुभकामनाऐ देते हुए सकारात्मक कार्यो के प्रति जागरूक होकर आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शिक्षा को लेकर चर्चा की और बच्चो की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। समाज सेवी सागर बिसेन ने बताया की ग्रामीण अंचल में दीपोत्सव के उपरांत मंडई मेले की शुरुआत हो चुकी है। ग्रामीण मडंई में ग्रामीण संस्कृति का परिदृश्य देखने को मिल रहा है एंव सांस्कृतिक कार्यक्रंमो आयोजित हो रहे है जिसमें कालाकारो को अपनी कला व प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अच्छा मौका मिल रहा है।

## किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे, मुआवजे की मांग तेज

# बेमौसम बारिश से 40 प्रतिशत धान की फसल खराब

### धान फसल का दाना काला पड़ा, सात दिन कटाई रुकी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बेमौसम बारिश ने किसानों की धान की फ सल को भारी नुकसान पहुंचाया है। रविवार सुबह से मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण खेतों में खड़ी और कटी हुई धान की फ सलें प्रभावित हुई हैं। किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द फ सल क्षति का मुआवजा घोषित करने की मांग की है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की चेतावनी जारी की थी। अक्टूबर के अंत में हुई इस लगातार बारिश से धान की कटाई पूरी तरह रुक गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले तीन दिनों तक जिले में बूंदाबांदी और हल्की बारिश जारी रहने की संभावना है। लांजी, बिसोनी, बहेला, रिसेवाड़ा सहित लांजी के कई क्षेत्रों में हजारों बीघा में बोई गई धान की फ सल प्रभावित हुई है। कई किसानों के खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटाई के लिए तैयार खड़ी फ सलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। किसानों ने बताया कि उनकी फ सल को 35 से 40 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। वहीं क्षेत्र के कई गांवों में जिन किसानों ने पहले ही कटाई कर ली थी और फसल को खेत के किनारों या खलिहान में रखा था, उनकी धान भी लगातार भीगने से सडऩे लगी है। किसानों ने बताया कि उनकी कटी हुई धान बारिश में पूरी तरह भीग चुकी है और यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो पूरी फसल खराब हो जाएगी।

**परेशान किसानों ने की मुआवजे की मांग:** किसानों ने सरकार से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द फ सल क्षति का आंकलन कर मुआवजा घोषित करें। उनका कहना है कि यदि समय पर आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो यह नुकसान उनके परिवारों की आजीविका पर गंभीर असर डालेगा। किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश से उनकी धान पूरी तरह भीग चुकी है। अनाज में नमी बढ़ गई है, दाना काला पडऩे लगा है। यह पूरी तरह खराब हो गया तो कर्ज चुकाना मुश्किल होगा। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि अगर यही हाल रहा तो उत्पादन आधा रह जाएगा। कटाई के लिए अगले सात दिनों तक खेत में जाना भी मुश्किल है। ऊपर से अगली फ सल भी अब लेट होगी।

### इनका कहना है

बारिश से धान की फ सल को नुकसान होने की बात सामने आ रही है। कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की टीमें प्रभावित इलाकों में पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रही हैं। प्रारंभिक सर्वे में कई क्षेत्रों में जहां फ सल पूर्व में गिर गई है और उसमें जलभराव हुआ है वहां पर फ सल में आंशिक रूप से उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। जहां धान की फ सल गिरी नहीं है वहां कोई नुकसान नहीं है।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम लांजी**

## बीमारी से मृत हुए व्यक्ति का ग्रामीणों ने किया अंतिम संस्कार

# लोहारा में ग्रामीणों ने पेश की मानवता की अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



आज के स्वार्थी युग में, जहाँ रिश्ते भी अपनी संवेदनशीलता खोते जा रहे हैं, वहीं जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम लोहारा के ग्रामीणों ने मानवता की मिसाल पेश की। यहाँ ग्रामीणों ने ग्राम के ही एक व्यक्ति केसरी रकशे जो पिछले काफी समय से बीमार था के अंतिम संस्कार में सहयोग कर यह साबित कर दिया कि समाज में मानवता अभी भी ज़िंदा है। जानकारी के अनुसार, लांजी तहसील के ग्राम लोहारा निवासी केसरी रकशे पिछले काफी समय से बीमारी से परेशान था जिसकी 25 अक्टूबर को अस्वस्थता के चलते मृत्यु हो गई। ग्रामीणों के अनुसार केसरी रकशे का परिवार बहुत निर्धन है जिसके परिवार में पत्नी और बुढ़ी मां के अलावा दो बालक और तीन बालिकाएं है जिनका विवाह हो चुका है । इस घटना से परिवार पूरी तरह टूट गया और शव को लेकर असमंजस में पड़ गया। इस मुश्किल घड़ी में स्थानीय ग्रामीण उनके साथ खड़े रहे। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता पहुंचाते हुए प्रत्येक घर से एक पायली चांवल और 20 रूपये की मदद की। इतना ही नहीं केसरी के अंतिम संस्कार के लिये ग्रामीणों ने प्रत्येक घर से लकड़ी भी उपलब्ध कराते हुए शवयात्रा निकलने से पूर्व ही अपने-अपने घरों के सामने ल क डि य़ां लाकर रखी हुई थी और तो और ग्रामीणों ने चंदा इक_ा क र के शो का कु ल परिवार की आ र्थि क मदद भी की ताकि उन्हें केसरी के अंतिम संस्कार के बाद होने वाले कार्यक्रम में मदद मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि केसरी रकशे के अंतिम संस्कार में लगभग 80-90 लोग शामिल हुए और हर संभव मदद की। इस दौरान क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से भी ग्रामीणों का हौसला नहीं टूटा। लोहारा के इन ग्रामीणों की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि आज भी समाज में करुणा, सहयोग और मानवता जीवित है।

## फैशन डिजाइनिंग आधारित स्टार्टअप प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से होगा प्रारंभ

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा युवाओं को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में स्टार्टअप, उद्योग, और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छह सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अक्टूबर से महिला पॉलीटेक्निक के सहयोग से भोपाल में निःशुल्क होगा। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रवर्तित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में उपयुक्त प्रोजेक्ट का चयन करने और उसे सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा जिससे वे अपने स्टार्टअप को प्रभावी ढंग से शुरू और संचालित कर सकें। प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक जानकारी भी दी जाएगी।

**खबर संक्षेप**



### सिवनी में बारिश की चेतावनीः किसानों को फसल सुरक्षित रखने की सलाह

सहरिभूमि न्यूज़ ।सिवनी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आगामी 29 और 30 अक्टूबर को सिवनी ज़िले में कहीं-कहीं मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है।
उपसंचालक कृषि ने बताया कि किसानों को अपने खेतों में कट चुकी फसलों की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बारिश से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसलिए किसानों को सलाह दी जाती है कि वे कटी हुई फसलों को तिरपाल से ढककर या किसी सुरक्षित, सूखे स्थान पर भंडारित करें। साथ ही, यदि संभव हो तो उन्हें जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रखा जाए, ताकि पानी से फसल की हानि से बचाव हो सके

# एक तरफा प्यार के चलते आरोपीगणों द्वारा की गई हत्या, बरघाट पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दिनांक 24/10/2025 को बरघाट पुलिस को सुचना प्राप्त हुयी कि ग्राम निवारी के आगे कन्हरगांव माईनर रोड़ किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर घटना स्थल पहुंचकर, पुलिस द्वारा घटना स्थल तस्दीक पर मृतक अनील पिता मर्सकोले निवासी ग्राम निवारी के शव का निरीक्षण दौरान सूचनाकर्ता रुकमणी पति अनील मर्सकोले उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम निवारी थाना बरघाट की रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इन्टीमेशन लेख कर घटना स्थल से साक्ष्य उपयोगी वस्तु जप्त कर मृतक अनील मर्सकोले के शव की पंचनामा कार्यवाही कराया गया एवं आहत प्रार्थीया रुकमणी मर्सकोले के द्वारा अज्ञात ओरोपी के खिलाफ विरूध्द धारा 103 (1), बीएनएस. का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।
घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मोहनीश बैस थाना बरघाट व थाना प्रभारी अरी आशीष खोबरागड़े के द्वारा अनुभाग स्तर पर पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश पतासाजी की गई व आरोपी की पता तलाश हेतु मुखबीर लगाये गये जो मुखबीर से सुचना प्राप्त हुयी कि मृतक की पत्नी रुकमणी को गांव का मोहल्ला का रहने वाला अतुल उर्फ पंकड मड़ावी नाम का लडक्रा रुकमणी से एक तरफा प्यार करता है जो पुलिस के द्वारा शक होने पर संदेही अतुल उर्फ पंकज पिता श्रीलाल मड़ावी उम्र 22 साल निवासी ग्राम निवारी को घटना के




संबंध मे पुछताछ किया गया जो बताया कि वह अपने घर के सामने लहने वाले मृतक अनील मर्सकोले की पत्नी रुकमणी से प्यार करता था यह बात उसने अपने दोस्त अंकित गढ़पाल को बतायी। मृतक अनील मर्सकोले काम करने नागपुर आता जाता रहता था इसके ना रहने पर रुकमणी से बातचीत किया करता था जिसने रुकमणी को बताया था की वह उससे प्यार करता है जिस पर रुकमणी ने कहा कि वह अपने पति के अलावा किसी और के बारे मे नही सोच सकती, रुकमणी के पति अनील के द्वारा शराब पिकर मारपीट करता था जो रुकमणी को अपना बनाने के लिये अतुल उर्फ पंकज मड़ावी ने अपने दोस्त अंकित पिता महेश गढ़पाल के साथ मिलकर अनिल मर्सकोले को जान से मारने की योजना बनायी।
दिपावली का त्यौहार होने के कारण से दिनांक 19/10/2025 को मृतक अनील मर्सकोले घर आया था दिनांक 23/10/25 को अनील पर्सकोले पत्नी रुकमणी को मार पीट कर रहा था जिसे देखकर अतुल आगबबूला हो गया। शाम को मृतक अनील मर्सकोले को घर से अकेले बस्ती तरफ जाते देख अतुल मड़ावी ने अपने दोस्त अंकित गढ़पाल के साथ अपने-अपने घरो से धारदार चाकू लेकर अनील मर्सकोले को जान से मारने की नियत लेकर उसके पिछे निकले जो गांव से एक व्यक्ति की मोटर सायकल मांगा व मृतक अनील को शराब पीने का बोलकर साथ ले जाकर शराब पीलाकर ग्राम कन्हरगांव जाने वाली माईनर नहर वाली रोड़ सुनसान जगह पर ले जाकर उसको रुकमणी को मारपीट करने की बात बोलकर वावाद कर साथ मे लाये चाकू से गला रेतकर हत्या करना बताया व हत्या में प्रयुक्त चाकू को खेत मे छुपाना बताया जो आरोपीगणो का कृत्य अपराध धारा 103(1), 61(2), 238,3(5) भारतीय न्याय सहिंता का पाये जाने से आरोपीगणो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी मे अतुल उर्फ पंकज पिता श्रीलाल मड़ावी उम्र 22 साल निवासी ग्राम निवारी थाना बरघाट, अंकित पिता महेश गढ़पाल उम्र 26 साल निवासी ग्राम निवारी थाना बरघाट।
नाम मृतक - मृतक अनील पिता मर्सकोले निवासी ग्राम निवारी उम्र 32 साल थाना बरघाट जिला सिवनी
सराहनीय कार्य अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस, थाना प्रभारी अरी आशीष खोबरागड़े, उप निरी. फून्दूलाला उइके, स.उ.नि. लुपेश रहांगडाले, स.उ.नि. शैलेष तिवारी
प्र.आर. मेघेन्द्र रहांगडाले, प्र. आर. मतीन खान, प्र.आर.राजकुमार बघेल, आर. राजेन्द्र कटरे,, आर मनोज पारधी, चालक आर. चालक केशरी नंदन ऐड़े आर. पारस तुरकर, आर. होमंत राहंगडाले, आर. शरद गौतम आर. जयंत, आर. हेमंत गायकवाड, आर. गजेन्द्र तेकाम, आका विशेष योगदान रहा।

# दिनेश ठाकुर बने सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के सिवनी जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के जिला सिवनी अध्यक्ष पद पर दीनेश ठाकुर की नियुक्ति की गई है। विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने भोपाल स्थित होटल लेक व्यू अशोका में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का विषय था "विधायिका एवं पत्रकारिता : लोकतंत्र के दो प्रमुख आधार स्तंभ"। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री उमंग सिंघार सहित अनेक वरिष्ठ अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका पर विचार व्यक्त किए और श्री ठाकुर की निष्पक्ष व सक्रिय पत्रकारिता की सराहना की। श्री ठाकुर ने कहा कि वे जिले के पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कोदो एवं कुटकी के पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

सिवनी / मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो एवं कुटकी की उपार्जन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।
खरीफ वर्ष 2025 हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी का पंजीयन अब 31 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकेगा। पूर्व निर्धारित अवधि 24 अक्टूबर थी, जिसे किसानों की सुविधा के लिए बढ़ाया गया है।
जिले में पंजीयन हेतु कुल पाँच पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. डुंगरिया, विकासखंड छपारा, सहकारी प्रक्रिया एवं विपणन संस्था मर्या. लखनादौन, विकासखंड लखनादौन, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. धूमा, विकासखंड लखनादौन, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. घंसौर, विकासखंड घंसौर तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. केदारपुर, विकासखंड घंसौर शामिल हैं। जिले में पंजीयन कार्य को और गति देने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाई है। कृषक भाइयों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि में कोदो एवं कुटकी का अधिक से अधिक पंजीयन कराकर इस योजना का लाभ उठाएँ। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर सकते हैं।

# एफएलएन मेला 2025-26 हेतु जनशिक्षकों का उन्मुखीकरण डाइट केवलारी में सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

/मिशन अंकुर के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार, जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में सत्र 2025-26 के लिए प्रत्येक प्राथमिक शाला में आयोजित होने वाले एफएलएन मेला के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत जिला स्तरीय एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) केवलारी में किया गया। कार्यक्रम में प्रथम संस्था के प्रतिनिधि सहजकर्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने जिले के 80 जनशिक्षा केंद्रों में कार्यरत 126 में से 121 जनशिक्षकों को एफएलएन मेला की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान विभिन्न विषयों के स्टॉल लगाकर प्रदर्शन भी किया गया।
उन्मुखीकरण के उपरांत सभी जनशिक्षक 27 अक्टूबर 2025 को अपने-अपने जनशिक्षा केंद्र की शालाओं के प्रमुखों का उन्मुखीकरण करेंगे।
डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी श्री जे.पी. शुक्ला ने सभी जनशिक्षकों से आह्वान किया कि हमारे नौनिहालों के सर्वांगीण विकास तथा शाला को सामाजिक सहयोग का केंद्र बनाने हेतु आयोजित यह मेला पूर्ण रूप से सफल हो।
उन्होंने कहा कि समाज के गणमान्य नागरिकों, पालकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों सहित पूर्व सूचना देकर मेले में आमंत्रित किया जाए, ताकि सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ किया जा सके।
इस आयोजन में जिला परियोजना समन्वयक श्री एम.के. बघेल एवं डाइट प्राचाय पी.एस. ठाकुर का प्रभावी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी का स्वर्ण जयंती समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवनी का दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह (24-25 अक्टूबर) भव्यता और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय ने संस्कारयुक्त शिक्षा के 50 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मनाया।
सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी का स्वर्ण जयंती समारोह सम्पन्न संस्कारयुक्त शिक्षा से राष्ट्रनिर्माण का संकल्प समापन सत्र की मुख्य अतिथि म.प्र. शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए संस्कारवान और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना है। उन्होंने विद्यालय की राष्ट्रसेवा भावना की सराहना करते हुए इसे संस्कार और समर्पण की पाठशाला बताया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने की। विशिष्ट अतिथियों में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक दिनेश राय मुनमुन, प्रांत संगठन मंत्री अमित दवे (विद्याभारती महाकोशल प्रांत) और विवेकानंद बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक साहू उपस्थित रहे। समारोह के प्रथम दिवस आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन में 1975 से 2025 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने विद्यालय जीवन के संस्मरण साझा किए और अपने आचार्यों को सम्मानित किया। पूर्व प्राचार्य, आचार्य परिवार और सेवापरिवार को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह व शाल से सम्मानित किया गया।
विद्यालय की 50 वर्षीय यात्रा पर आधारित स्वर्ण प्रभा स्मारिका का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस स्मारिका में पूर्व छात्र, आचार्य एवं समिति सदस्यों के लेख प्रकाशित किए गए हैं।
संस्कारपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भैया-बहनों ने देशभक्ति और भारतीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं शुभारंभ नृत्य, घूमर नृत्य सतयुग से कलयुग तक नाटिका रामलीला और विविधता में एकता महाराज शिवाजी की पुत्रवधू तारा देवी पर नाटिका शिव तांडव नृत्य और ऑपरेशन सिंदूर प्रस्तुति इन कार्यक्रमों का निर्देशन श्रीमती कीर्ति ठाकुर, मनीषा तिवारी, सविता विश्वकर्मा, नीलम साहू एवं सहयोगी दीदियों ने किया।
विद्यालय विकास में अमूल्य योगदान देने वाले पदाधिकारियों विष्णुप्रसाद अग्रवाल, परमानंद अग्रवाल, हरिसिंह ठाकुर, चंद्रशेखर ठाकुर, कृष्णा साहू, पवन साहू, सुभाष नंदनवार, अरुण पटेवार, दुर्गाशंकर श्रीवास्तव, रामकृष्ण साहू, अविनाश पाठक, राजेन्द्र सनोडिया, डॉ. अभिजीत चौहान आदि को स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।
समारोह के संचालन में विवेकानंद बाल कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई अध्यक्ष दीपक साहू, उपाध्यक्ष नूपेश ठाकुर, व्यवस्थापक नितिन चौधरी, सह-व्यवस्थापक डॉ. शांतनु शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी, सचिव विनीत अग्रवाल (मंटू भैया), समिति सदस्य प्रवीण मिश्रा, श्रीमती क ल्पना मिश्रा, डॉ. श्यामसिंह क ु मरे, समीर ठाकुर, संदीप मोरघडे आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने किया और आभार प्रदर्शन विनीत अग्रवाल (जिला सचिव) ने किया।

# कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिए निर्देश

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने रविवार को जिले के सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रमुख योजनाओं की प्रगति एवं विकास कार्यों की गति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



बैठक की शुरुआत में उन्होंने खरीफ उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए किसानों के पंजीयन, प्रस्तावित उपार्जन केंद्रों तथा अनुमानित आवक की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अन्य जिलों एवं राज्यों से आने वाली धान की अवैध आमद को रोकने के लिए चेकपोस्ट स्थापित किए जाएं।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने खाद-बीज की उपलब्धता तथा नरवाई प्रबंधन की कार्ययोजना पर भी चर्चा कर कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने नगरपालिका एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आगामी ग्रीष्मकाल में सतत पेयजल आपूर्ति और सुगम सिंचाई व्यवस्था का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भीमगढ़ बांध से संचालित पेयजल योजनाओं में आपूर्ति संबंधी समस्या आई थी, अतः इस वर्ष ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए अग्रिम तैयारी सुनिश्चित की जाए।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि रबी मौसम में किसानों को कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ उत्पादन भी स्थिर रहे।
इसके बाद उन्होंने जल संसाधन विभाग की प्रगतिरत वृहद सिंचाई परियोजनाओं और नवीन प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। नहरों की मरम्मत एवं सफाई की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने तय समय पर किसानों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
निर्माण विभागों द्वारा किए जा रहे सीएम राइज स्कूल, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, सडक़ों, पुल-पुलिया, औद्योगिक केंद्र तथा नगरीय निकायों के प्रस्तावित कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटलेने विभागवार नवाचारों और उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया।
बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे। विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# सहस्त्रबाहु जयंती समारोह पूजन बैठक कल

सिवनी। हैहय छत्रिय कलचुरी (कलार) महासभा जिला सिवनी के तत्वाधान में सिवनी मंडला रोड पर मैदा मिल के बाजू में निर्माणाधीन भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर एवं सामाजिक परिसर के भवन में हमारे आराध्य देव भगवान विष्णु के चक्र सुदर्शन अवतार, भगवान राजराजेश्वर कार्तवीर्य सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती का आयोजन कल्चुरी संवत 1778 दिनांक 28 अक्टूबर कार्तिक शुक्ल सप्तमी के अवसर पर दोपहर 11 बजे से किया गया है जिसमें आप सभी स्वजातीय बंधुओं ,मातृशक्ति ,युवा नौजवान साथी ,एवं हमारे आराध्य देव में आस्था रखने वाली समस्त जातियां ,उपजातियां सादर आमंत्रित हैं।
कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है सर्वप्रथम ध्वजारोहण, तदोपरांत नवग्रह स्थापना, अभिषेक ,कथा ,चालीसा ,आरती एवं छप्पन भोग का अर्पण साथ ही समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा भगवान कार्तवीर्य सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के जीवन वृत पर चर्चा तदोपरांत वार्षिक सदस्यता शुल्क 365 नहीं अब 500 जमा किए जाने हेतु प्रेरणा साथ ही महिला महासभा द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है साथ ही अधूरे पड़े भवन निर्माण को कैसे पूर्ण किया जा सकता है इस पर मार्गदर्शन सुझाव एवं चर्चा समापन अवसर पर महाप्रसाद भोग भोजन का आयोजन किया गया है।
सभी सजातीय आगंतुकों से आग्रह है कि प्रभु को छप्पन भोग अर्पण करने के लिए अपने अपने घर से पकवान बनाकर अवश्य लाएं साथ ही अधिक से अधिक स्वजातीय बंधु इस कार्यक्रम में उपस्थित हो इसके लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करना चाहिए। हमें इसलिए भी गौरवान्वित होना चाहिए कि पिछले क्षै( 6)वर्षों से हम स्वयं की 2 मंजिला इमारत पर हमारे प्रभु की कथा सपरिवार सुनते आ रहे है। जिसका शीघ्र ही लोकार्पण भी संभावित है

# धर्मांतरण के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर के कचहरी चौक पर अनुसूचित जाति एवं जनजातीय सुरक्षा मंच सिवनी के तत्वावधान में रविवार को धर्मांतरण के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रिटायर्ड जज नारीमन जी, जो स्वयं ईसाई हैं, ने ईसाई संगठनों के साथ मिलकर सितम्बर माह में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। इसमें यह मांग की गई है कि जिन राज्यों ने धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के तहत धर्मांतरण रोकने हेतु कानून बनाए हैं, उन्हें निरस्त किया जाए।
वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस पर तत्काल सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किए गए, लेकिन यह नोटिस राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को तो भेजे गए, जबकि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को नहीं भेजे गए। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि ईसाई मिशनरियों एवं इस्लामिक संगठनों द्वारा सर्वाधिक धर्मांतरण अनुसूचित जाति और जनजाति समाज में किया जा रहा है, जिससे नागा एवं बोडो जैसी जनजातियाँ विलुप्ति की कगार पर पहुँच चुकी हैं। वक्ताओं का कहना था कि धर्मांतरण केवल धर्म परिवर्तन नहीं बल्कि राष्ट्रांतरण है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 1500 वर्षों में भारत कई हिस्सों में बंट चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत के 9 राज्यों और लगभग 200 जिलों में हिंदू समाज अल्पसंख्यक होने की स्थिति में है, जिससे मूल समाज के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है।

**धरना प्रदर्शन के दौरान रखी गई मुख्य माँगें**

धर्मांतरण के विरुद्ध देश में कठोर कानून बनाकर दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए। जो शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थान धर्मांतरण में संलिप्त हैं, उन्हें तत्काल बंद किया जाए तथा ?50 लाख का जुर्माना लगाया जाए। विदेशी संस्थाओं द्वारा ईसाई मिशनरियों को एनजीओ के माध्यम से दिए जा रहे आर्थिक सहयोग को तुरंत रोका जाए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लोचन सिंह मर्सकोले (जनपद अध्यक्ष, कुरई), श्रीमति शेत्रा नवरेती, मनोज उईके, महादेव तेकाम उपस्थित रहे।

### जिला प्रशासन ने कार्बाइट गन के उपयोग पर जारी की एडवाइजरी

सिवनी / दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में बच्चों के खिलौने के रूप में कार्बाइट गन की बिक्री बढ़ जाती है, जो देखने में भले ही खिलौना लगती है, किंतु इसके उपयोग से बच्चों को गंभीर चोट लगने की संभावना रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से कार्बाइट गन के उपयोग पर एडवाइजरी जारी की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि किसी नागरिक द्वारा कहीं से भी कार्बाइट गन खरीदी गई है, तो उसका उपयोग बिल्कुल न करें।

**कार्यकर्ताओं में दिखा उल्लास**

# भाजपा कार्यकर्ताओं का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




सिवनी विधानसभा के समस्त मंडलों के कार्यकर्ताओं का दीपावली मिलन कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय सिवनी में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने की।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि म.प्र. शासन की केबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं विधायक दिनेश राय मुनमुन' उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया ने कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिती दी । मंच पर जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता ओम दुबे एवं रमेश तिवारी, तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी भी उपस्थित रहे। मंच संचालन निरंजन मिश्रा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन पूर्व जिला अध्यक्ष वेदसिंह ठाकुर ने किया। आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुये केबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि दीपावली प्रकाश और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं का यह उत्साह भाजपा की एकता और समर्पण का प्रतीक है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का हमारा संकल्प हम सभी मिलकर पूर्ण करे और नर सेवा को नारायण सेवा मान कर समाज हित में सक्रिय रहे ।

# जिला स्वास्थ्य समिति और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में स्वास्थ्य, पोषण और विकास संबंधी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की वृहद समीक्षा की गई और अन्य स्वास्थ्य अभियानों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिला स्तर पर एनआरसी की क्रियाशीलता की भी जांच की और अधिकारियों को इसे प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, चिन्हांकित हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं पर विशेष ध्यान देने और सीवियर एनीमिया से ग्रसित महिलाओं के समय पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराने पर जोर दिया। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, फेशियल रिकॉग्निशन के पंजीयन की स्थिति और टेक होम राशन के वितरण का अवलोकन किया। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि राशन का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। चिन्हांकित कुपोषित बच्चों की लगातार मॉनिटरिंग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों तक वितरण और लाडली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। परियोजना अधिकारी और सुपरवाइजर अपने भ्रमण पोर्टल में सभी गतिविधियों का समय पर दर्ज करेंगे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के नवाचर आयुषी अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्कूलों में नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलें और दोनों विभाग समन्वित होकर कार्य करें, ताकि शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँच सके।

### क्या ज़िम्मेदार जानबूझकर कर रहे अनदेखी...?

## मंडई में चोरी-छुपे चल रही 'झंडी मुंडी' पर गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

इन दिनों लालबर्रा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगने वाले पारंपरिक मंडई मेले अब जुए के अवैध कारोबार का अड्डा बनते जा रहे हैं। इन मेलों में चोरी-छुपे चलाए जा रहे झंडी मुंडी के खेल ने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का स्पष्ट आरोप है कि ग्राम सरपंच से लेकर पुलिस और राजस्व विभाग तक की भूमिका संदिग्ध है, और उनकी अनदेखी के कारण यह जुआ फल-फूल रहा है।

### लाखों गंवा रहे गरीब, अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा असर

झंडी मुंडी', जिसे कई राज्यों में प्रतिबंधित किया गया है, त्यौहारों और मेलों की आड़ में चलाया जा रहा है। यह खेल ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने के लिए एक बड़ी समस्या बन चुका है। गरीब और युवा वर्ग के लोग रोज़ाना अपनी गाढ़ी कमाई इस सट्टेबाजी में गंवा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे न केवल उनका घर-परिवार प्रभावित हो रहा है, बल्कि गाँव में अपराध और कर्जदारी भी बढ़ रही है।

### प्रशासन और जनप्रतिनिधि की मौन सहमति पर संदेह

इतने बड़े पैमाने पर इस अवैध गतिविधि के खुलेआम चलने के पीछे पुलिस, राजस्व विभाग, और पक्ष-विपक्ष के जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत या उदासीनता की आशंका जताई जा रही है। आम जनता का कहना है कि यह जुआ बिना स्थानीय प्रशासन की मौन सहमति या अनदेखी के संभव नहीं है।

### ग्राम सरपंच और आयोजक सवालों के घेरे में

ग्राम सरपंच और मंडई आयोजकों की यह प्राथमिक ज़िम्मेदारी है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखें। आरोप है कि ये ज़िम्मेदार लोग व्यक्तिगत लाभ या सामाजिक/राजनीतिक दबाव के कारण जुए को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं।

कानून लागू करने का सीधा दायित्व पुलिस और राजस्व विभाग का है। स्थानीय निवासियों का प्रश्न है कि जुए के अड्डों पर नियमित रूप से छापेमारी क्यों नहीं हो रही है और इस गोरखधंधे को रोकने के लिए पर्याप्त कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं?


हरिभूमि

झंडी-मुंडी' जुए पर रोक की मांग : प्रबुद्धजनों ने मंडई मेला समितियों से किया आह्वान, कहा- 'भोली-भाली जनता को लुटने से बचाएँ'

### कार्रवाई की खबर, पर आधिकारिक पुष्टि नहीं

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर को लालबर्रा तहसीलदार और पुलिस द्वारा बकोड़ा मंडई में चोरी-छिपे चल रहे झंडी मुंडी खिलाने वालों पर कार्रवाई किए जाने की सूचना है।हालांकि, इस कार्यवाही की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है।

### जनता की निर्णायक मांग

आम जनता ने एकजुट होकर स्थानीय प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगें निम्नलिखित है जुए के अड्डों पर तुरंत और नियमित रूप से सख्त छापेमारी की जाए। सभी जनप्रतिनिधि अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी समझते हुए जुए को बंद करवाने की दिशा में तत्काल पहल करें। जुए को रोकने में विफल रहे ग्राम सरपंच, पुलिसकर्मी और राजस्व अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।यह समय है जब सभी ज़िम्मेदार व्यक्ति—सरपंच से लेकर उच्च अधिकारी तक—अपनी आँखें खोलें और जनहित में इस अवैध जुए को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस कार्रवाई करें, ताकि ग्रामीण समाज और अर्थव्यवस्था को बचाया जा सके।

## सुरक्षा व्यवस्था :18 स्थायी पॉइंट, 6 मोबाइल, 7 बाइक पार्टियां तैनात



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए विशेष बंदोबस्त किए हैं। जिले के कप्तान आदित्य मिश्रा के निर्देश पर एएसपी निहित उपाध्याय और सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया ने पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्र में बढ़ते अपराधों, चोरी, लूट और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाना है।

इस पहल के तहत शहर के प्रमुख मार्गों और आवासीय कॉलोनियों में 60 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। शहरी क्षेत्र में 18 स्थायी पॉइंट बनाए गए हैं, साथ ही 6 मोबाइल और 7 बाइक पार्टियां लगातार गश्त करेंगी।

पुलिसकर्मी दो शिफ्टों में दिन-रात तैनात रहेंगे। पहली शिफ्ट शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक और दूसरी रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक गश्त करेगी। इन पॉइंटों पर वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और रात्रिकालीन आपराधिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अब शराबखोरी, सड़क किनारे हुड़दंग और शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

बालाघाट पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल डायल 112 या नजदीकी थाने को सूचित करें।

## घोटी में पंचमी मंडई पर गोवारी समाज का पारंपरिक नृत्य

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



गोवारी समाज ने 26 अक्टूबर 2025 को पंचमी मंडई के पावन अवसर पर ग्राम घोटी (लालबर्रा) में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन समस्त गोवारी समाज, ग्राम घोटी द्वारा किया गया, जिसने समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को जीवंत कर दिया।पंचमी मंडई के अवसर पर गोवारी समाज के सदस्यों ने उत्साह और उमंग के साथ पारंपरिक वेशभूषा में समूह नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन था, बल्कि यह गोवारी समाज की पहचान, एकजुटता और उनके सांस्कृतिक मूल्यों को भी दर्शाता था। इस भव्य आयोजन में समाज के कई प्रमुख सदस्यों और युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। नृत्य में शामिल होने वाले प्रमुख सदस्यों में चंद्र कुमार सहारे, रामप्रसाद गजबे, नाथन राऊत, चेनलाल वाघाडे, लोकेश कार्सर्पे, सीताराम गजबे, राहुल सहारे, अमित नेवारे, बिराज लाला चौधरी, तरूण गजबे, कुँवर सहारे, दिनेश नेवारे, सावन नेवार, लक्ष्मण वाघाड़े, विक्की चौधरी, नेतराम गजबे, उमेश चौधरी, युवराज मानकर, राकेश गजबे, शिवराम वागड़े, मल्ली, दयाराम सहारे, लिलराम वाघाडे, विष्णु वाघाडे, सुरज गजबे, गगन मुर्खे, रमेश वाघड़े, शिव नेवारे, दशरथ सहारे, मोक्च, लखन नेवारे, मारुति नेवारे, खिलेश्वर नेवारे, इंद्र कुमार सहारे, संजय सहारे और राहुल सहारे शामिल रहे।इन सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास ने मंडई के इस त्यौहार को और भी यादगार बना दिया। उनके उत्साहपूर्ण नृत्य और सहभागिता ने दर्शकों का मन मोह लिया और गोवारी समाज की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती से सामने रखा। पंचमी मंडई का यह आयोजन घोटी ग्राम के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व बन गया है, जो समाज में सौहार्द और परंपराओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है।

## सनसनीखेज वारदात पत्नी की हत्या कर फांसी पर झूला पति, जाँच में जुटी पुलिस!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के पौंडी गांव के बैगा टोला में शनिवार को एक बुजुर्ग और उनकी पत्नी का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बालाघाट से एफएसएल टीम बुलाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान शंभूलाल पिता सीताराम कावरे (60) और पत्नी की पहचान सरस्वती बाई कावरे (50) के रूप में हुई है। दंपती की तीन बेटियां हैं, जिनका विवाह हो चुका है। घर में दंपती रहते थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सरस्वती बाई लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनका इलाज भी जारी था।

भरवेली थाना क्षेत्र के सुरवाही निवासी मृत दंपती के दामाद पुष्पराम चौधरी ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपने भानजे नीलेश नेवारे के साथ समनापुर में एक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वहां से वे अपने ससुर के घर बैगा टोला गए। घर का दरवाजा सामने से बंद था। जब उन्होंने दरवाजा धक्का देकर खोला तो बीच वाले कमरे में सास सरस्वती बाई कावरे जमीन पर गिरी मिलीं, उनके सिर के पास खून फैला था। पास ही ससुर शंभुलाल कावरे रस्सी से फांसी पर लटके हुए थे। पुष्पराम ने तत्काल 112 पर सूचना दी। रूपझर थाना निरीक्षक जे.डी. पटले ने बताया कि प्रारंभिक जांच से ऐसा लग रहा है कि पति ने पहले पत्नी की हत्या की। फिर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि बालाघाट से एफएसएल टीम बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## मछली पकड़ने नाले में गए उतराता मिला 60 वर्षीय व्यक्ति का शव



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परसवाड़ा थाना अन्तर्गत ग्राम नाटा के पंडाटोला में एक 60 वर्षीय प्रौढ़ की नाले के पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक का नाम अशोक मेरावी पिता उम्र 60 वर्ष, निवासी पंडाटोला नाटा, बताया जा रहा है।

परसवाड़ा पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दी कि ग्राम नाटा के पंडाटोला निवासी अशोक मेरावी रविवार की सुबह करीब 6 बजे डंडईझोड़ी के नाले में मछली पकड़ने गया हुआ था। जिसका नाले के पानी में उतराता हुआ शव ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना परिजनों और परसवाड़ा पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची परसवाड़ा पुलिस के नगर निरीक्षक मदन इवने हमराह टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। और शव को नाले से बाहर निकाला। पंचनामा कार्यवाही करते हुए मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा लाया गया। शाम होने की वजह से पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

आशंका जाहिर की जा रही है कि मछली पकड़ने गए हुए प्रौढ़ के नाले के किनारे पैर फिसलने से पानी में गिर कर मौत हुई होगी। बताया जा रहा है कि मृतक प्रौढ़ के घर पर दो बेटे बहुएं और पत्नी है। जो बांस के डल्ले और टुकनी बनाकर बेचता और जीवन चलाता था। बहरहाल परसवाड़ा पुलिस द्वारा मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## भाजपा कार्यालय के समीप अटल उद्यान निर्माण कार्य प्रारंभ, लगेगी अटल प्रतिमा

**बालाघाट।** भाजपा कार्यालय परिसर के समीप अटल उद्यान का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसका कल भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर संविदाकार को उच्च गुणवत्ता युक्त काम करने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने कहा, स्थानीय नागरिकों को इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए शुभकामनाएं दी। यह उद्यान स्वच्छ पर्यावरण, हरियाली और मनोरंजन के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल बनेगा, जिससे जिलेवासियों को लाभ मिलेगा। यह उद्यान न केवल नगर की सुंदरता में वृद्धि करेगा, बल्कि लोगों के लिए एक शांतिपूर्ण और सुखद वातावरण भी प्रदान करेगा। सभी के सहयोग से यह एक आदर्श सार्वजनिक स्थल बनेगा। उद्यान में हम सबके अन्नय प्रेरणापुंज, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## आजीविका मिशन से जुड़कर सरिता बनी आत्मनिर्भर

### मशरूम उत्पादन और मुर्गी पालन से हर माह हो रही है 25 से 30 हजार रुपए की आय



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के ग्राम अमेड़ा (पा) की सरिता पति मुकेश नेवारे की किस्मत आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद बदल गई है। आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की मदद से वह आत्मनिर्भर बन गई है और मशरूम उत्पादन व मुर्गी पालन का व्यवसाय कर हर माह 25 से 30 हजार रुपए की आय अर्जित कर रही है। सरिता ने महिलाओं को चुल्हे चक्की की दुनिया से बाहर निकल कर स्वयं का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई है।

आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम अमेड़ा (पा) में दिसंबर 2023 में सांई स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया था। सरिता के आत्मविश्वास और काम की लगन को देखकर उसे इस समूह का अध्यक्ष बनाया गया था। सरिता ने अपने समूह की महिलाओं बचत के लिए प्रेरित किया। इससे समूह के खाते में हर माह एक निश्चित राशि जमा होने लगी। कुछ महिनों के बाद समूह के पास बड़ी रकम जमा हो गई। समूह की महिलाओं का आपसी लेन-देन अच्छा होने पर समूह को 20 हजार रुपए रिवाल्विंग फंड की राशि मिल गई। कुछ दिनों के बाद ग्राम संगठन से जुड़ने पर समूह को सीआईएफ की 1.50 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई। सरिता ने अपने समूह से 50 हजार रुपए ऋण लेकर मशरूम उत्पादन का काम शुरू किया। सीआईएफ की शेष 01 लाख रुपए की राशि समूह की अन्य सदस्यों ने ऋण के रूप में उठा लिया है।

सरिता ने मशरूम उत्पादन के साथ ही देशी मुर्गी पालन का कार्य भी शुरू किया है। सरिता को उसके काम पति मुकेश का साथ और प्रोत्साहन मिल रहा है। सरिता अपने घर पर ही मशरूम का उत्पादन कर रही है। मशरूम लेने लोग उसके घर पर पहुंच जाते हैं। शेष बची मशरूम महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के आमगांव में बेच दी जाती है। सरिता को अपने इस छोटे से व्यवसाय से हर माह 25 से 30 हजार रुपए की आय हो रही है। इससे वह समूह के ऋण की किश्त जमा करने के साथ ही अपने दो बच्चों को बाहर पढ़ाने में पति की मदद कर रही है। सरिता कहती है कि महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए और अपने सपनों को साकार करना चाहिए। परिवार की महिला सशक्त होगी तो परिवार भी समृद्ध होगा। सरिता कहती है कि यदि वह आजीविका मिशन से नहीं जुड़ती तो उसमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास नहीं आता। सरिता की सफलता अन्य महिलाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बन गई है।

### मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत 3 करोड़ की राशि से हो रहा कार्य

## बाजार सौंदर्यीकरण कार्य में हो रही धांधली, घटिया सामग्री का उपयोग



हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी द्वारा नगर के साप्ताहिक बाजार में सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से चल रहे निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा साप्ताहिक बाजार के सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप लगा है। इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 3 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। आरोप है कि इस कार्य में घटिया स्तर का मटेरियल इस्तेमाल किया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जा रही है। बाजार को सुंदर बनाने और यहां आने वाले व्यापारियों और ग्राहको को सुविधा देने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा कई कार्य कराए जा रहे हैं। उक्त कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत स्वीकृत किया गया है जिसकी लागत राशि 3 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। तथा इस निर्माण कार्य का ठेका आमगांव महाराष्ट्र के आर.के. वेंचर कंपनी को मिला है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनी द्वारा कराए जा रहे कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। इससे रविवार को लगने वाले बाजार में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

### ग्रामीणों को बाजार करने में हो रही परेशानी

ठेकेदार द्वारा सप्ताह के 6 दिनो कार्य किया जाता है तथा रविवार बाजार लगने वाले दिन कार्य नहीं किया जाता। इसके साथ ही व्यापारियों और ग्राहकों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से अधूरे निर्माण कार्य पर कोई इंतजाम नहीं किये जाते। जिससे बाजार लगने वाले दिन व्यापारियों के साथ-साथ आमजनों को भी काफी परेशानियो से दो चार होना पड़ता है। 26 अक्टूबर रविवार को भी व्यापारियों के साथ-साथ बाजार खरीदी करने पहुंचे लोगों को बहुत दिक्कते हुई। अधूरे निर्माण कार्य के कारण जगह-जगह कीचड़ और गंदगी से लोग परेशान दिखे। वहीं निर्माण कार्य में चबूतरों और दीवारों से लगे कालम की लोहे की सलाखें दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही है। जिससे ठेकेदार को कोई सरोकार नहीं है।

## वारासिवनी उप जेल में 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**बालाघाट।** वारासिवनी उप जेल में बंदियों के लिए आयोजित 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 24 अक्टूबर को किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार के सहयोग से 15 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया गया था।

कार्यक्रम का संपूर्ण प्रबंधन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरएसईटी के कार्यक्रम समन्वयक श्री अंकित लिल्हारे द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। समापन समारोह में सहायक जेल अधीक्षक श्री अभय वर्मा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से श्री अंकित लिल्हारे, श्रीमती अनीता चौधरी, और आजीविका मिशन से श्री दिलीप सिंह गोंड उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। प्रशिक्षण में श्री सत्येंद्र कुमार ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने बंदियों को मशरूम की खेती की तकनीकी बारीकियां, उत्पादन



प्रक्रिया, मार्केटिंग रणनीतियां, बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी, और उद्यमिता के गुण सिखाए। यह प्रशिक्षण बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनके पुनर्वास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

समापन समारोह में अतिथियों ने प्रशिक्षण की सफलता की सराहना की और बंदियों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। यह पहल न केवल बंदियों को नई दिशा प्रदान करेगी, बल्कि जेल सुधार और कौशल विकास के क्षेत्र में भी एक प्रेरणादायी उदाहरण स्थापित करेगी।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 403 घरों में पहुंची बिजली की रोशनी

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं जनजातीय बहुल ग्रामों में विद्युतीकरण के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा जिन घरों में बिजली की सुविधा नहीं है, उन घरों में बिजली की रोशनी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण यंत्री श्री अमित कुमार ने बताया कि बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित एवं जनजातीय गांवों की बसाहटों के अविद्युतीकृत घरों में विद्युतीकरण कार्य के लिए भारत सरकार के धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत सर्वे का कार्य किया गया है। सर्वे के पश्चात जिले के 216 गांवों में 1022 बिजली कनेक्शन के लिए लाईन विस्तार के माध्यम से एवं 78 परिवारों में सोलर के माध्यम से बिजली की रोशनी पहुंचाने का कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य पर 01 करोड़ 76 लाख रुपये की राशि खर्च होना है।

अधीक्षण यंत्री श्री अमित कुमार ने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत अब तक परसवाडा विकासखंड के ग्राम आमवाही, बड़गांव, बारिया, चनई, डोरा, फंडकी, घोड़ादेही, केशा, खलोंडी, खर्रा, नाटा, सुकड़ी के कुल 403 जनजातीय परिवारों के घरों में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को 30 नवंबर 2025 तक विभाग द्वारा पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। दुर्गम क्षेत्र के ग्रामों तक घने वनों के बीच से बिजली की लाईन पहुंचाने का कार्य कठिन परिश्रम के साथ किया जा रहा है।



नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं जनजातीय बहुल ग्रामों के घरों में बिजली पहुंचने से हितग्राही परिवारों के घरों का अंधियारा दूर हुआ है और बिजली की रोशनी उनके जीवन को खुशहाल बना रही है। घर में बिजली पहुंचने से 403 परिवारों के जीवन में भी बदलाव आ रहा है। अब उन्हें रात के समय घर में रोशनी के लिए मिट्टी तेल या अन्य साधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। बिजली पहुंचने से उनके बच्चों को रात में पढ़ाई के लिए समय और अच्छा वातावरण मिलने लगा है। बिजली की सुविधा होने से वे संचार के साधनों का भी सुगमता से उपयोग करने लगे हैं। अब उन्हें मोबाईल को चार्ज करने के लिए यहां-वहां भटकना नहीं पड़ता है।